
दैनिक
# क्यूं न लिखूं सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 03
अंकः-315
मुरादाबाद
07 March 2024
(Thursday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## PM मोदी बोले- संदेशखाली में जो हुआ, उससे किसी का भी सिर शर्म से झुक जाएगा; फिर भी गुनहगारों को बचा रही TMC



पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों में भाजपा ने बंगाल और देश के विकास के लिए बहुत ईमानदारी से प्रयास किया है। ऐसे काम को देखते हुए ही पूरा देश कह रहा है, पश्चिम बंगाल कह रहा है, हर माता, बहन कह रही है - अबकी बार ह्ष्ठ सरकार 400 पार!पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों में भाजपा ने बंगाल और देश के विकास के लिए बहुत ईमानदारी से प्रयास किया है। ऐसे काम को देखते हुए ही पूरा देश कह रहा है, पश्चिम बंगाल कह रहा है, हर माता, बहन कह रही है - अबकी बार NDA सरकार 400 पार!उन्होंने कहा कि बंगाल की ये भूमि नारीशक्ति की बहुत बड़ी प्रेरणा केंद्र रही है, यहां से नारीशक्ति ने देश को दिशा दी है। इस धरती ने अनेक शक्ति स्वरूपा इस देश को दी है, लेकिन इसी धरती पर तृणमूल कांग्रेस के राज में नारीशक्ति पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है। संदेशखाली जो कुछ भी हुआ, उससे किसी का भी सिर शर्म से झुक जाएगा, लेकिन यहां की TMC सरकार को, आपके दुख से कोई फर्क नहीं पड़ता। TMC सरकार बंगाल की महिलाओं के गुनाहगारों को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा रही है, लेकिन उन्हें पहले हाइकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट से भी राज्य सरकार को झटका लगा है। पीएम मोदी ने कहा कि गरीब, दलित, आदिवासी परिवारों की बहन-बेटियों के साथ TMC के नेता जगह-जगह अत्याचार कर रहे हैं, लेकिन TMC सरकार को अपने अत्याचारी नेता पर भरोसा है, बांग्ला बहन-बेटियों पर भरोसा नहीं है। इस व्यवहार से बंगाल की महिलाएं, देश की महिलाएं आक्रोश में हैं। नारीशक्ति के आक्रोश का ये ज्वार संदेशखाली तक ही सीमित नहीं रहने वाला। तुष्टिकरण और टोलाबाजों के दबाव में काम करने वाली TMC सरकार कभी भी बहन बेटियों को सुरक्षा नहीं दे सकती। वहीं दूसरी तरफ भाजपा की केंद्र सरकार है, जिसने बलात्कार और रेप जैसे संगीन अपराध के लिए फांसी की सजा तक की व्यवस्था की है। संकट के समय बहनें आसानी से शिकायत कर सकें, इसके लिए महिला हेल्पलाइन बनाई गई है, लेकिन TMC सरकार इस व्यवस्था को यहां लागू नहीं होने दे रही है। ऐसी महिला विरोधी ञ्रस्ष्ट सरकार महिलाओं का कभी भला नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि भारत की नारीशक्ति विकसित भारत की एक सशक्त स्तंभ है। भारत की नारीशक्ति की आर्थिक शक्ति बढ़े, इसके लिए बीते 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने लगातार काम किया है। बंगाल पर TMC नाम का ग्रहण लगा हुआ है। वो इस राज्य के विकास को आगे नहीं बढ़ने दे रहा। इसलिए आप सभी बहनों को विपक्ष के इंडी गठबंधन को हराना हैं, देश के कोने-कोने में कमल खिलाना हैं।

### भाजपा नारीशक्ति को विकसित भारत की शक्ति बना रही

उन्होंने कहा कि आज का ये विशाल कार्यक्रम इस बात का साक्षी है कि भाजपा कैसे नारीशक्ति को विकसित भारत की शक्ति बना रही है। 9 जनवरी को भाजपा ने देश में नारीशक्ति वंदन अभियान शुरू किया था, इस दौरान देश भर में लाखों स्वयं सहायता समूहों से संवाद किया गया। आज यहां पश्चिम बंगाल में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी बहनों का इतना विराट सम्मेलन हो रहा है।

### हिंदुस्तान के सार्वजनिक जीवन की सबसे बड़ी घटना

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने वर्षों तक संगठन में काम किया है। इसलिए मुझे पता है कि इतना बड़ा राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित करना हो, देश भर में 19-20 हजार स्थानों पर महिला समूह एक कार्यक्रम में जुड़े हों, ये हिंदुस्तान के सार्वजनिक जीवन की सबसे बड़ी घटना है।

### पब्लिक ट्रांसपोर्ट को आधुनिक बनाना भारत सरकार की प्राथमिकता

उन्होंने कहा कि यहां आने से पहले मैं कोलकाता में एक कार्यक्रम में था। वहां मैंने भारत सरकार की अनेक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। आज एक साथ कोलकाता मेट्रो, पुणे मेट्रो, कोच्चि मेट्रो, आगरा मेट्रो और नमो भारत ट्रेन से जुड़े नए रूट्स का विस्तार हुआ है। देश के पब्लिक ट्रांसपोर्ट को आधुनिक बनाना भारत सरकार की प्राथमिकता है। आज कोलकाता की मेट्रो इस बात की भी गवाह है कि भाजपा सरकार कितनी तेजी से काम करती है। 2014 से पहले के 40 वर्षों में कोलकाता मेट्रो का सिर्फ 28 किमी रूट बना था, जबकि भाजपा सरकार के बीते 10 साल में कोलकाता मेट्रो का 31 किमी और विस्तार हो चुका है।

### अबकी बार NDA सरकार 400 पार!

पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों में भाजपा ने बंगाल और देश के विकास के लिए बहुत ईमानदारी से प्रयास किया है। ऐसे काम को देखते हुए ही पूरा देश कह रहा है, पश्चिम बंगाल कह रहा है, हर माता, बहन कह रही है - अबकी बार NDA सरकार 400 पार!

### INDI गठबंधन पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में NDA की वापसी पक्की देखकर, INDI alliance के सारे नेता बौखला गए हैं। इस इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचारी लोग आजकल मेरे परिवार के बारे में पूछ रहे हैं। ये लोग कह रहे हैं कि मोदी का खुद का परिवार ही नहीं हैं, इसलिए मैं परिवारवाद के खिलाफ बात करता हूं। मेरे देश की बहनें... यही तो मोदी का परिवार हैं। मोदी के शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण इसी परिवार के लिए समर्पित है। जब मोदी को कोई कष्ट होता है - तो यही माताएं-बहनें-बेटियां कवच बनकर खड़ी हो जाती हैं। आज देश का हर गरीब, हर किसान, हर नौजवान, हर बहन-बेटी कह रही है... मैं हूं मोदी का परिवार!

### 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार है

पीएम मोदी ने कहा कि मैं बहुत छोटी आयु में घर छोड़कर, एक झोला लेकर चल पड़ा था। देश के कोने-कोने में भटक रहा था, कुछ खोज रहा था। मेरी जेब में कभी एक पैसा नहीं रहता था। लेकिन देशवासियों को जानकर गर्व होगा कि मेरा देश, मेरे देश की माताएं बहनें और मेरे देश का हर परिवार कैसा है! जेब में एक पैसा नहीं होता था और न ही मैं भाषा जानता था, लेकिन कोई न कोई परिवार, कोई न कोई बहन मुझसे पूछ लेते थे कि भाई कुछ खाना खाएं हो या नहीं। आज मैं देशवासियों को बता रहा हूं कि वर्षों तक मैं बिना एक पैसे के कंधे पर झोला लेकर घूमता रहा, लेकिन मैं एक दिन भी भूखा नहीं रहा। इसीलिए मैं कहता हूं कि ये 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार है।

## संक्षिप्त समाचार

### टनकपुर-देहरादून एक्सप्रेस का संचालन नौ मार्च से, बरेली होकर गुजरेगी ये ट्रेन

रेल मंत्रालय ने टनकपुर से देहरादून के बीच ट्रेन चलाने की मंजूरी दे दी है। यह ट्रेन टनकपुर से चलकर बरेली होते हुए देहरादून जाएगी। इसका शेड्यूल जारी कर दिया गया है। टनकपुर-देहरादून के बीच चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन नौ मार्च से शुरू कर दिया जाएगा। यह ट्रेन टनकपुर से चलकर बरेली होते हुए देहरादून जाएगी। ट्रेन प्रत्येक शनिवार को टनकपुर से चलकर रात 10:33 बजे बरेली जंक्शन पर पहुंचेगी। हाल ही में इस ट्रेन की घोषणा की गई थी। मंगलवार को ट्रेन का शेड्यूल जारी कर दिया गया। 15020 साप्ताहिक ट्रेन का संचालन प्रत्येक शनिवार को टनकपुर से शाम 19:40 बजे किया जाएगा। बनबसा, खटीमा, पीलीभीत होते हुए यह ट्रेन रात 21:28 बजे भोजीपुरा आएगी। 22:13 बजे बरेली सिटी ओर 22:33 बजे बरेली जंक्शन आएगी। ट्रेन 7:35 बजे देहरादून पहुंचेगी। वापसी में 15019 साप्ताहिक ट्रेन रविवार को 15:15 बजे देहरादून से चलकर रात 00:55 बरेली जंक्शन आएगी। बरेली सिटी 1:10 बजे, भोजीपुरा 1:45 बजे, पीलीभीत 2:30 बजे होते हुए तड़के चार बजे टनकपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन के चलने से बरेली से देहरादून जाने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। बरेली होकर नहीं गुजरेगी लालकुआं-अमृतसर एक्सप्रेस-लालकुआं से अमृतसर जाने के लिए शुरू हुई एक्सप्रेस ट्रेन का लाभ बरेली के लोगों को नहीं मिला।

## कांग्रेस सत्ता में आई तो रद्द कर देंगे सीएए, बोले पवन खेड़ा, मणिपुर नहीं जाने पर की PM मोदी की आलोचना



कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को भ्रष्टा बताते हुए कहा कि जनता उन्हें जवाब देगी। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस असम में अच्छा प्रदर्शन करेगी।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वे नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 (सीएए) को रद्द कर देंगे। उन्होंने मणिपुर में जारी हिंसा के दौरान राज्य का दौरा नहीं करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना भी की है।सत्ता में आने के बाद रद्द कर देंगे सीएए- पवन खेड़ा गुवाहटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, अबतक असम के लिए कट ऑफ तारीख 1971 बहुत खास था, लेकिन सीएए के आने से उनसे ये अधिकार छीन लिए जाएंगे। इसके बाद उनके लिए कट ऑफ तारीख 2014 होगी। उन्होंने बताया कि असम समझौते के अनुसार, बांग्लादेश से असम में प्रवेश करने वाले नागरिकों की कट ऑफ तारीख 25 मार्च 1971 है। सीएए के तहत मोदी सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों हिंदू, सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसियों को नागरिकता प्रदान करना चाहती है, जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए हैं।

पवन खेड़ा ने कहा, अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो हम सीएए रद्द कर देंगे। उन्होंने आगे बताया, 2019 में सीएए को संसद में पारित किया गया था और इसे राष्ट्रपति की भी मंजूरी मिल गई थी, जिसके बाद उत्तर-पूर्वी राज्यों में इसे लेकर काफी हंगामा भी हुआ था। असम सीएम को बताया भ्रष्ट- केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने पिछले महीने कहा था कि लोकसभा चुनाव से पहले वह सीएए लागू करने के नियमों को जारी करेंगे। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी के असम दौरे के दौरान कांग्रेस ने मणिपुर नहीं जाने पर उनकी आलोचना की थी। पवन खेड़ा ने कहा, ÷प्रधानमंत्री मणिपुर जाने से क्यों डर रहे हैं? हम उनसे अनुरोध करते हैं कि जब वह यहां आए तो कम से कम आधे घंटे के लिए राज्य का दौरा करें। मणिपुर में पिछले साल तीन मई से जारी जातीय हिंसा में अबतक 219 लोगों की मौत हो चुकी है। कांग्रेस नेता ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को भ्रष्टा बताते हुए कहा कि जनता उन्हें जवाब देगी। इसके साथ ही उन्होंने यह दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस असम में अच्छा प्रदर्शन करेगी।

## धनंजय पर 43 केस... 22 में दोषमुक्त, पहली बार दोषी; मुठभेड़ में मार गिराने का भी हुआ था दावा



जौनपुर के पूर्व सांसद बाहुबली धनंजय सिंह के खिलाफ जौनपुर, लखनऊ और दिल्ली में 43 मुकदमे दर्ज हैं। 22 में दोषमुक्त हो चुका है। पहली बार धनंजय सिंह दोषी करार दिया गया है। 33 वर्ष पहले पहला मुकदमा दर्ज हुआ था। 2023 में आखिरी मामला दर्ज हुआ था। नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल का करीब तीन साल दस महीने पहले अपहरण कराने, रंगदारी मांगने और गालीगलौज कर धमकाने के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह और सहयोगी संतोष विक्रम सिंह को एडीजे चतुर्थ (एमपी-एमएलए) शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत ने दोषी पाया है। अदालत आज मामले में सजा सुनाएगी।अदालत ने धनंजय और संतोष विक्रम को दोष सिद्ध वारंट बनाकर जिला जेल भेज दिया है। अदालत ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि मामले का अभियुक्त पूर्व सांसद है। उसके ऊपर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसका क्षेत्र में काफी नाम है, जबकि वादी मात्र सामान्य नौकर है। ऐसी स्थिति में वादी का डरकर अपने बयान से मुकर जाना अभियुक्त को कोई लाभ नहीं देता है, जबकि मामले में अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्य मौजूद हों। मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को लाइन बाजार थाने में अपहरण, रंगदारी और अन्य धाराओं में पूर्व सांसद धनंजय सिंह व संतोष विक्रम सिंह और दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अभिनव सिंघल का आरोप था कि संतोष विक्रम सिंह और अन्य दो लोग पचहटिया स्थित साइट पर आए थे। वहां से असलहे के बल पर चारपहिया वाहन से उनका अपहरण कर मोहल्ला कालीकुत्ती स्थित धनंजय सिंह के घर ले जाया गया। धनंजय सिंह पिस्टल लेकर आया और गालीगलौज करते हुए उनकी फर्म को कम गुणवत्ता वाली सामग्री की आपूर्ति करने के लिए दबाव डालने लगा। उनके इन्कार करने पर धमकी देते हुए धनंजय ने रंगदारी मांगी। किसी प्रकार से उनके चंगुल से निकलकर लाइन बाजार थाने गए और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

## 500 बेड के अस्पताल का शुभारंभ कर सीएम बोले- पहले इटावा और सैफई के नाम से लोग डरते थे, अब ऐसा डर नहीं है



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा के सैफई में 500 बेड के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि पहले लोग इटावा और सैफई के नाम से डरते थे। अब यहां देश के युवा तैयार हो रहे हैं।इटवा के सैफई में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज 12.10 पर पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी सैफई मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम के मंच पर पहुंचे तो तालियां बजाकर उनका लोगों ने स्वागत किया।कुलपति प्रोफेसर/डॉक्टर प्रभात कुमार ने अस्पताल की उपलब्धियां बताई। मंच पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, चिकित्सा राज्य मंत्री, स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव, सांसद राम शंकर कठेरिया, विधायक सरिता भदौरिया मौजूद हैं। मुख्यमंत्री ऑडिटोरियम से ही 500 बेड अस्पताल का शुभारंभ करेंगे। वहीं पैरामेडिकल के 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी देंगे। अस्पताल में आने वाले मरीज और तीमारदारों के लिए गेट नंबर-2 और 3 से प्रवेश सुनिश्चित किया गया है। इस दौरान मुलायम सिंह यादव को सैफई में मेडिकल कॉलेज बनवाने के लिए श्रद्धांजलि दी। कहा कि उनके इस विश्विद्यालय के बनवाने की वजह से पूरे भारत के छात्र यहां आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले इटावा के नाम से लोग डरते थे। अब यहां देश के युवा तैयार हो रहे हैं।सीएम योगी ने कहा कि कुछ लोगों की कानाफूसी करने की आदत रही है। कहा अब अपना और पराया नहीं होता। अब अब सबके लिए काम होता है। मोदी जी के सबका विकास के उद्देश्य के साथ काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उपचार के लिए रुपये की कमी नहीं। 108 और 102 के रिस्पॉन्स टाइम को काम किया है। हर जनपद में एडवांस लाइफ सपोर्ट की चार से पांच गाड़ियां हैं। जहां पहले पूरे प्रदेश में छह-सात कार्डिक की गाड़ियां थीं। अब सभी जनपद में हैं। उत्तर प्रदेश में सरकार कोई भेदभाव नहीं करती। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार नारियल फोड़कर शुभारंभ तो कर देते थे, लेकिन बजट नहीं देते थे। मेडिकल कॉलेज को टोकन मनी के नाम पर एक लाख रुपये दिए जाते थे। सपा का बिना नाम लिए तंज कसा कि आज नियुक्ति पत्र पाने वालों के चहरे पर शिकन नहीं थी। अब इटावा और सैफई के नाम से डर नहीं लगता। 1996 का जिक्र करते हुए कहा कि वह जयपुर से आगरा रात में पहुंचे थे। वहां से कानपुर जाने के लिए पुलिस वालों ने मना कर दिया कि रात में न जाएं, इटावा पड़ेगा। अब ऐसा डर नहीं है।

## संपादकीय Editorial

.

After Amb-Andaura, another Vande Bharat train is reaching near Himachal. Actually, if Vaishno Devi running Vande Bharat will now stop in Pathankot Cantt, then Himachal with its wings spread will get a chance to participate in it even from a distance. We are also happy that we got the opportunity to keep pace with the country from Pathankot itself, otherwise the dream train is still searching for a place on less wide tracks. There will definitely be a round of praise and self-praise regarding how much Vande Bharat's stoppage in Pathankot is enriching Himachal, but where is the real train of Himachal? Now passengers will definitely pay attention to whether Vande Bharat of Amb-Andaura is more practical or of Pathankot Cantt, but the relief is that the journey to Delhi is going to be straight. The close relationship between tourism and trains holds the potential to be the solution to the economy of the future. The irony is that the tracks of Jammu and Kashmir kept being laid around Himachal and we kept sinking into the legacy of the British as the beams of narrow gauge trains. At least towards Kangra, the only news regarding railway expansion was that the Baijnath-Paprola railway station built during the British period would be redeveloped, otherwise the same tracks and same speed. When the disaster of rain stopped, the Kangra Valley train stopped for months. It is true that the train of Bilaspur is turning and the tracks of Una are spreading, but the history of railways is shameful in Kangra-Mandi and Chamba. In such a situation, it is a blessing to ride the train of Vande Bharat, even if one has to work hard while reaching Pathankot or Amb-Andaura. Of course, the two options of Vande Bharat will simplify the tourism routes and if HRTC routes are integrated with them, it will be convenient to reach destination tourism from Delhi to Amb-Andaura or now beyond Pathankot. Despite this, some tracks are needed in Himachal too. The century-old train from Pathankot to Jogindernagar may become a heritage, but there needs to be some attention around it. We believe and this will prove to be the only option that one direction of the railway line reaching Amb-Andaura should be diverted towards Jwalaji Temple. Coming of train to Jwalaji temple will be a revolutionary effort from the point of view of religious tourism, because due to this it will become very easy to reach Chintpurni, Jwalaji, Deotsiddh, Kangra, Chamunda and Baijnath. If the railway route is laid till Jwalaji Temple, it can easily be extended towards Kangra, Mandi, Hamirpur, Chamba and Bilaspur. The surprising thing is that the priorities of Himachal are not able to strengthen the outline of the future by fitting their political pieces on paper maps.

It is certain that now a new broad gauge line will not be laid from Pathankot towards Mandi. This is also because Bhanupalli-Bilaspur railway route will be the next destination from this point of view. In such a situation, the Amb-Andaura to Jwalaji Mandir rail route will have to be linked with religious tourism. Himachal can move ahead like Konkan Railways by building a temple rail project on fifty-fifty partnership with the railways. However, the arrival of Vande Bharat train till Amb Andaura has been a pleasant experience for Hamirpur, Una and Kangra. In such a situation, connecting Himachal with Vande Bharat train via Pathankot will prove to be a boon. In order to conveniently connect the people of Himachal with the capacity of these two trains, HRTC should make such a booking system that connects the passengers of Hamirpur, Kangra, Una, Mandi and Chamba with these trains regularly. Similar efforts should also be made with Dharamshala-Shimla air travel under UDAN. Especially to make the flights coming

# Political familyism: New 'family planning' wrapped in power ambitions!

Every person forms his own small party and starts running it like a private limited company. He himself is its controller and later his children take charge of it. The voter has only this option to choose this family or that family. In the 'Maha Upanishad', with the sublime and universal sense in which our sages would have said 'Vasudhaiva Kutumbakam', then they would hardly have thought that thousands of Years later, this family sentiment will be transformed into political familism in India. Families that capture and maintain power and those who do so will be political targets. Obviously, there will come a time when the struggle for power will begin to center between familism and non-familism. Politicians will be able to make this both their sword and shield. In other words, this is a new family planning wrapped in the shell of power, in which the boundaries and selfishness of the family are being decided by the politicians as per their own convenience and convenience. Patna rally and BJP's new election campaign: Recently, in the mega rally of India Alliance held in Patna, the capital of Bihar, Lalu Prasad Yadav raised questions on the family of Prime Minister Narendra Modi, in response Modi said that the entire country is his family. Or we can say that Modi is the country and the country is his family. On the same lines, Bihar Chief Minister Nitish Kumar, who has set new standards in political turn-taking, said that the whole of Bihar is my family. Now if this trend is taken to the MP, MLA, Councilor and Panch, then everyone will have a say in their jurisdiction. He is carrying the burden of 'nutrition of the family', because the seeds of votes are hidden in this family. That is, this new familism is actually the familization of voteism. In bygone times there used to be power struggles among the royal families. Only the king's son became king. In the times of Mughals, a son did not hesitate in killing his own brothers for the throne. Later, when the British came, they brought a new concept of governing power, which, despite being essentially tribalistic, was more dependent on professionals in the colonies. After independence, when democracy was established in India, feudal familism also took on a new form. Some royal families maintained their physical power by adopting democratic familism, while at the same time many new faces emerged from the grassroots struggle who got power after a long struggle. Invested the capital in the name of his future generation. This familism that emerged in the 90s was a power-oriented and power-centric new familism, different from the divine familism of the royal families, which has now been established in different ways in different states in the form of political parties. To a large extent, this familyism is accepted by the people, sometimes it is to save one's power and at other times it is to gain power. Be it Tejashwi Yadav in Lalu Prasad's party RJD, Akhilesh Yadav and family in Samajwadi Party, Jayant Chaudhary in RLD, Bharat Rashtra Samiti's K. Be it Chandrashekhar Rao, DMK's MK Stalin or Udhayanidhi, Shiv Sena's Uddhav and Aditya Thackeray, Akali Dal's Sukhbir Singh Badal, National Conference's Farooq Abdullah and Omar Abdullah, PDP's Mehbooba Muftim or Trinamool Congress. After Mamata, be it her nephew Abhishek Banerjee, all are fireflies of this familyist galaxy. After all, where does Congress stand at this time? In this galaxy, the status of Rahul Gandhi and Priyanka Gandhi of Congress is like that of a star whose shine is yet to shine. Along with ideology, the political demands of these family-born leaders also strongly include the feeling that they have inherited the right to become leaders. Or we can say that he has incarnated so that he can gain power with the help of public votes and while enjoying it, he can prepare his next generation to bear this divine responsibility. In this matter BJP's familyism is a little different. There are many people who do not have a family at all or even if they do, they separate themselves from it out of a disciplined attitude. If we look deeply, familyism in BJP is in the form of 'paternal servism'. That is, the one who has been serving the party for decades and is the son or daughter of a big leader, then the great blessing of familyism is reserved for him. Anyway, the matter is about political familism. Interestingly, at a time when familism did not dominate Indian politics, there was a lot of talk about family planning in the country. At that time, the country's population was not even half of what it is today, but the rulers and the society were constantly worried about what would happen if the country's population continued to grow at this pace. How many hands will get work and how many stomachs will get food, that is why if you want to take care of the family well then keep the family small. That is, 'We give our two.' A symbol of the insistence of this planned family also used to be 'Lal Tikona.' Poet Balkavi Bairagi had even composed a poem on it 'Gudanvaare God De Re Lal Tikona, Lal Tikona To Hai Re. Mera Salona.'This political urge to limit the family turned into government obstinacy during the Emergency in the country. Indira Gandhi and Sanjay Gandhi, who ran it, were ousted from power. Along with this, the enthusiasm for the program to keep the family employed also cooled down. Later the name of the department running it also became Family Welfare Department. The population of the country continued to grow at its own pace and so did the dynastic parties. Now the situation is such that every person forms his own small party and gives it the status of a private limited company.Starts driving like that. He himself is its controller and later his children take charge of it. The voter has only this option to choose this family or that family. Today, when we are the most populous country in the world and have the most dynastic parties, then the meaning of familyism has become completely political. When someone says that 'so and so is my family', in the dictionary of politics it means 'vote family'. That means, so many votes are in my or my party's account. I will keep adding this account. Or it can be understood that when a person is attacked politically regarding his family, he will respond by massive vote capitalization of the family. So that the per share price of power keeps increasing. That is why when Lalu makes a personal attack on Prime Minister Narendra Modi regarding his family, Modi does not delay in calling the country his family. Similarly, since Nitish Kumar's race is only till Bihar, he calls Bihar his family. That is, here the boundaries of the family determine the geographical boundaries. In such a situation, even a Panchayat can call his Panchayat Halke his 'family'. He has acquired this right automatically, despite his own family members not considering him worthy of it. Overall, now authoritarianism is in the new form of familyism. Be it his or hers. It is both the reason for gaining power and also the reason for ousting from power. It is both a birth right and a population-born privilege. It is an even number in the addition of votes and also an odd number in snatching votes. If familyism gives power then it is the vermilion of good fortune and if power is lost due to this reason then it is the bangles of widowhood.

# Terrorist blast in cafe

Bengaluru, the capital of Karnataka, is the 'Silicon Valley' of India. Last Friday, an explosion took place in the popular 'Rameshwaram Cafe' there, whose intention and power was no less than a terrorist attack. 9 people were injured in the explosion. A 45-year-old woman was identified among them, who is working as an accountant in a multinational semiconductor company. She has been burnt in the blast and is currently fighting her injuries. Initial investigations indicate that an unknown person had placed the bag in the popular cafe minutes before the explosion.

Police are scanning the CCTV footage so that the suspect can be identified. Probably the IED explosive device was kept in the same bag. Security holes have also been seen at such popular eating places. There is not adequate security there. Whereas such places are 'easy targets' of terrorist or any other attack. A total of 8 investigation teams are working. Police are also exploring the possibility of the blast being linked to terrorist attacks from 2022, where similar explosive devices were used. State Deputy Chief Minister DK Shivakumar has assured a fair and independent investigation and expected the incident not to be politicized. The opposition BJP has termed it a law and order failure, while former Chief Minister Basavaraj Bommai has linked the blast to pro-Pakistan slogans in the Karnataka Assembly. The question is whether it should be believed that Pakistani terrorist elements and intelligence agency ISI have reached Bengaluru also and carried out such blasts? However, the contribution of the ruling Congress in making the atmosphere hot and violent has also been no less. The Deputy Chief Minister linked the blast to the 2022 Mangaluru blast, when the BJP was in power in the state. On what basis can a responsible person like the Deputy Chief Minister make this allegation? He had given a statement to the contrary and urged not to politicize. It is such duplicity that politicizes terrorist incidents. The state and central governments have their own agencies, whose scope is defined. Let the investigating teams do their work. Only they can point towards any conclusion. Actually, this explosion in 'Rameshwaram Cafe' is more frightening because it is located where IT companies like IBM, SAP and many startups are present. It is the technology center of the country.

This café is a popular hangout for professionals from these multinational companies. It is famous for its food and drinks. Many professionals were having lunch there when the explosion occurred around 1 pm. The injured also included 'blue collar' migrant workers like welders, mechanics, electricians, mechanics etc. The restaurant sector of Bengaluru will now have to realize itself that they should be cautious. Monitor your customers. Prepare a strong security system. They also need to train their staff so they can spot anyone with suspicious behavior. Such criteria should also be prepared for emergency situations, so that their staff can save the customers and take them to a safe place. Hospital is also an important place. However, the city's hotel association has said that it will prepare a plan to improve security. The hotel owners will soon hold a meeting and communicate with their association members and the police. Obviously the outline of a plan will also be discussed. We have also seen communal riots many times in Bengaluru. Then suddenly a crowd comes out on the road with sticks and stones. However, the findings of the investigation are awaited.

## चलती बाइक से चक्कर खाकर गिरी महिला, उपचार के दौरान मौत



मुरादाबाद- बेटी की ससुराल से दामाद के साथ बाइक से अपने घर लौट रही महिला रास्ते में चक्कर खाकर गिर गई। चोटिल महिला को इलाज के लिए रात में ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बुधवार तड़के उसकी मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि मझोला थाना क्षेत्र के शाहपुर टिकरी निवासी सर्वेश कुमारी पत्नी राम सिंह मंगलवार को अपनी बेटी पायल की ससुराल से अपने दामाद कपिल के साथ उसकी बाइक पर अपने घर लौट रही थी। सर्वेश कुमारी डिलारी थाना क्षेत्र के गांव धारक नगला की रहने वाली थी। रास्ते में इस्लामनगर मार्ग पर गौहर गांव के पास बाइक पहुंचने पर अचानक उन्हें चक्कर आ गया और वह तेज रफ्तार में चल रही बाइक से नीचे गिर गई थी। इस हादसे में उन्हें सिर व शरीर के अन्य हिस्से में काफी गंभीर चोटें आई थी। दामाद ने उन्हें रात में ही जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया था, लेकिन उनकी सुबह तड़के मौत हो गई है। पिता के बाद मां का भी छिन गया साया-मृतक सर्वेश कुमारी के परिवार में तीन बेटियां और दो बेटे हैं। इसमें दो बेटियों दीपा व पायल और एक बेटे का विवाह हो चुका है। मां की मौत पर बच्चे बिलख बिलख कर रो रहे थे। रिश्तेदार और गांव के लोग उनके बच्चों को ईश्वर का फैसला कहकर हर मदद करने का भरोसा दे रहे थे। एक साल पहले हो गई थी पति की मौत- परिजन ने बताया कि एक साल पहले करीब उनके पति राम सिंह की भी मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद घर परिवार की जिम्मेदारी सर्वेश कुमारी के ही सिर पर थी। अब एक बेटी और एक बेटा विवाह करने को वह रिश्ता खोज रही थी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बैडमिंटन खेल का आयोजन




क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग सूरजपुर के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देशन में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 05 से 07 मार्च 2024 तक किया जा रहा है। जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बैडमिंटन खेल का आयोजन बैडमिंटन हॉल सूरजपुर में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शिवानी जायसवाल डिप्टी कलेक्टर एवं श्री राम श्रृंगार यादव डी.एस.पी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन सीमांचल त्रिपाठी तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती आरती पाण्डेय खेल अधिकारी सूरजपुर ने किया। जिला स्तरीय महिला खेल के सफलतापूर्वक आयोजन में शरदेन्दु कुमार शुक्ला सहा. जिला क्रीडा अधिकारी, राजनाथ गुप्ता, श्रीमती शोभना रंजित, सेलिना मिंज, समीरा केरकेट्टा, अनमोल तिग्गा, सुनैना जायसवाल, बालेन्द्र साहू, भास्कर यादव, रामसुभाष राजवाडे, सहदेव राम रवि, राजलाल प्रजापति, प्रभाशंकर प्रसाद, संगीता राजवाड़े, कजामनी, पंकज डोंगरे, महेन्द्र सिंह सहित जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका आदि का विशेष सहयोग रहा।




## अस्पताल में मचाया उत्पाद, रस्सी से बांधकर किया काबू





मुरादाबाद- जिला अस्पताल परिसर से एक शक्स के साथ मारपीट करने और रस्सी से बांधकर ले जाने का वीडियो सामने आने के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया है। वीडियो में व्यक्ति के साथ मारपीट करते कुछ लोग दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं पिटाई करने वाले व्यक्ति को भद्दी-भद्दी गालियां भी दी जा रही हैं। जिला अस्पताल परिसर में लगभग एक घंटे तक हंगामे की स्थिति बनी रही। इस दौरान अस्पताल के अंदर भर्ती मरीजों और तीमारदारों में काफी समय तक दहशत का माहौल बना रहा। काफी समय बाद परिजनों और अस्पताल के स्टाफ ने बमुश्किल उस व्यक्ति को बांधकर एंबुलेंस में बैठाया और निजी अस्पताल ले गए। जानकारी के मुताबिक अस्पताल में बवंडर काट रहे व्यक्ति का नाम अकरम है। जो थाना गलशहीद इलाके का रहने वाला है। 40 वर्षीय शाकिर मानसिक रूप से विक्षित है। जिसे दिमागी दौरे पड़ने के बाद परिजन जिला अस्पताल लेकर आए थे। जहां इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर जुनेद खान ने प्राथमिक उपचार देकर बरेली मेंटल हॉपिटल के लिए रेफर कर दिया था। हालांकि कुछ देर आराम करने के बाद अकरम नाम के मानसिक रोगी ने अस्पताल में बवंडर काटना शुरू कर दिया था। दो दिन पहले ही बरेली मेंटल हॉस्पिटल से लाए थे मुरादाबाद- गलशहीद निवासी बबलू ने बताया की 40 वर्षीय अकरम थाना गलाशाहीद इलाके का रहना वाला है जो मानसिक रूप से काफी कमज़ोर है। उसका उपचार बरेली मेंटल हॉस्पिटल में चल रहा है। तीन दिन पहले ही अकरम को बरेली से मुरादाबाद लाया गया था। उन्हें शाम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उन्हें दिमागी दौरे पड़ने लगे और उन्होंने अस्पताल में जमकर उत्पाद मचाया। फिलहाल उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। सीएमएस ने की वायरल वीडियो की पुष्टि-जिला अस्पताल की सीएमएस संगीता गुप्ता ने वायरल वीडियो की पुष्टि की। उन्होंने बताया की बीती दो मार्च को ईएमओ जुनेद ड्यूटी कर रहे थे। तभी अकरम नाम के मानसिक रूप से विक्षित मरीज को परिजन अस्पताल लेकर आए थे। जिसे प्राथमिक उपचार देकर बरेली मेंटल हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। हालांकि अस्पताल परिसर में मानसिक रूप से विक्षित मरीज के उत्पात मचाने पर उन्होंने जानकारी होने से इंकार कर दिया है।

## शॉर्ट सर्किट से कटरा नाज की तीन दुकानें जलकर राख, लाखों का सामान जला



मुरादाबाद- सदर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह 7 बजे के दौरान कटरा नाज बाजार में आग लग गई। आग लगने का करण शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। इसमें तीन दुकानों में रखा सामान जलकर राख हो गया है। यह दुकान है मोहम्मद आसिफ, सऊद और मोहम्मद अनस की थी। दुकानों में हार्डवेयर का सामान मौजूद था। पीड़ित व्यापारियों ने नुकसान हुए सामान की कुल कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई है। व्यापारी अनस ने बताया कि उनकी दुकान के पास बिजली पोल लगा है।मंगलवार को लाइनमैन इस पोल पर चढ़कर कुछ कार्य कर रहे थे। उन लोगों ने तार को खुला छोड़ दिया था, जिस कारण शार्ट सर्किट हुई और उनकी दुकानें जलकर राख हो गई हैं। घटना के दौरान दुकान बंद थी। आग लगने की सूचना मिलते ही व्यापारी अपनी दुकानों पर पहुंचे थे और तुरंत अग्निशमन विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर घटना की जानकारी दी थी। मौके पर पहुंची अग्निशमन दल की टीमों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन, तब तक दुकानों में रखा सारा सामान जल चुका था। घटना मुख्य बाजार की होने से मौके पर काफी संख्या में व्यापारियों की भीड़ थी। व्यापारियों में अपरा तफरी मची थी। अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि घटना किसी जानकारी मिलते ही मौके पर टीम पहुंची थी और समय रहते आग पर काबू पाया गया है। टीम की सक्रियता के कारण ही अन्य दुकानों को आग से जलने से बचाया जा सका है।

## कावड़ लेने जा रहे बाइक सवार दो चचेरे भाइयों के साथ हुआ हादसा, एक की मौत



मुरादाबाद- कावड़ लेने बाइक से हरिद्वार जा रहे दो चचेरे भाइयों के साथ हादसा हो गया। घटना मंगलवार रात करीब डेढ़-दो बजे की बताई जा रही है। हरिद्वार स्टेट हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से उनकी बाइक गिर गई और दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस हादसे में शामिल वाहन का पता नहीं लगा सकी है। हादसे में मारे गए बोना पुत्र कर्रू हैं। वह बदायूं जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव कोहरा का निवासी था। बोना अपने चचेरे भाई पूरन के साथ बाइक से कावड़ लेने को हरिद्वार जा रहा था। बाइक मृतक बोना ही चल रहा था। रास्ते में हरिद्वार स्टेट हाईवे पर सहजपुर गांव के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हादसे में घायल बोना को इलाज के लिए मुरादाबाद जिला अस्पताल में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।

जबकि उसके चचेरे भाई का इलाज निजी अस्पताल कॉसमॉस में चल रहा है। बताया जा रहा है कि मृतक बोना अपने चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। मृतक की मां बेटे की मौत पर बिलख-बिलख कर रो रही थी। बताया जा रहा है कि बोना की शादी हुई थी लेकिन, उसकी पत्नी उसके साथ नहीं रहती थी। एक साल पहले पिता की हो गई थी मौत- बोना के परिजन ने बताया कि मृतक के पिता कर्रु की मौत भी एक साल पहले हो गई थी। मृतक बोना मजदूरी करता था।

## 18 मार्च को मुरादाबाद आएंगे धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, दो लाख लोगों के शामिल होने की संभावना



मुरादाबाद- श्री राम बालाजी धाम बाबा नीम करोरी आश्रम ट्रस्ट और लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट की ओर से मुरादाबाद में 18 मार्च से 3 दिवसीय हनुमंत कथा एवं दिव्या दरबार का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम में बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शामिल होंगे। कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व बुधवार को नया मुरादाबाद स्थित लोहिया वन सेक्टर 6 में भूमि पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान विनीत गुप्ता रहे। विनीत गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन में मुख्य बात यह है कि बागेश्वर धाम सरकार के पीठधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पहली बार मुरादाबाद पधार रहे हैं। आयोजकों द्वारा बताया गया कि इस आयोजन में लगभग दो लाख लोग हिस्सा लेंगे। आयोजकों ने सभी महानगर वासियों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील भी की है।

# मुरादाबाद से 10 मार्च को लखनऊ के लिए पहली उड़ान, निर्यातकों में खुशी



मुरादाबाद- महानगर से हवाई उड़ान 10 मार्च से शुरू होने वाली है। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजमगढ़ से वर्चुअली मुरादाबाद के हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। महानगर के निर्यातकों का कहना है कि हवाई अड्डा शुरू होने से पीतल कारोबार को पंख लगेंगे।निर्यातक बोले- दिल्ली, मुंबई और अन्य शहरों तक पहुंचना होगा आसान, कारोबार को मिलेगा बढ़ावा महानगर के लोगों के लिए अच्छी खबर है कि 10 मार्च को मुरादाबाद से हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। मुरादाबाद से उड़ने वाले पहले विमान को इंडोनेशिया के पायलट उड़ाएंगे। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने हवाई अड्डे के उद्घाटन में शामिल होने वाले मेहमानों की सूची भी तैयार कर ली है। जिसमें सांसद, विधायक, निर्यातक, समाजसेवी व प्रशासनिक अधिकारी शामिल रहेंगे। महानगर का नाम पीतल नगरी के नाम से पूरे विश्व में मशहूर है। पीतल का निर्यात करने वाले निर्यातक पिछले काफी समय से यह आस लगाए बैठे थे कि जिले से हवाई सेवा शुरू हो जाए तो हम लोगों को आसानी होगी। निर्यातकों की ख्वाहिश 10 मार्च को पूरी होने जा रही है। जिस पर निर्यातकों ने खुशी का इजहार करते हुए सरकार का आभार जताया है। निर्यातकों का कहना है कि हवाई सेवा शुरू होने से हमारा दिल्ली, मुंबई व अन्य बड़े शहरों में जाना आसान होगा। अब हमारे विदेशी ग्राहक भी भारत आने के बाद बिना किसी परेशानी के महानगर आ जा सकेंगे। हमारा महानगर निर्यात का सबसे बड़ा हब है। अब हमें हवाई सेवा मिल रही है। यह सरकार का सराहनीय कदम है। जिससे महानगर में होने वाले निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। -नावेद खान, निर्यातक महानगर से हवाई सेवा शुरू करना सरकार का सराहनीय कार्य है। जो हमारे विदेशी ग्राहक है वह ट्रांसफर फ्लाइट लेकर सीधे मुरादाबाद तक पहुंच जाएंगे। उससे उनका समय बचेगा। -नीरज खन्ना, निर्यातक हवाई अड्डे के उद्घाटन के लिए आठ, नौ व 10 मार्च प्रस्तावित तारीख आई हैं। फिलहाल यह तय है कि इस बार किसी भी इन तीनों तारीखों में से एक में हवाई अड्डे का उद्घाटन कर दिया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है। -अमरजीत, एयरपोर्ट डायरेक्टर प्रोजेक्ट पर एक नजर- रनवे की लंबाई- 2112 मीटर रनवे की चौड़ाई- 30 मीटर लाइसेंस श्रेणी -2 बी वीएफआर निर्माण में खर्च- 28.93 करोड़ विमान का प्रकार डीएचसी-6 ( 400 ) सेवा प्रदाता कंपनी- फ्लाई बिग स्वामित्व- एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया प्रदेश की राजधानी के लिए होगी पहली फ्लाइट हवाई अड्डे की शुरू होने में सिर्फ कुछ ही दिन शेष बचे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच नए हवाई अड्डों का लोकार्पण करेंगे। जिसमें मुरादाबाद, आजमगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती व अलीगढ़ एयरपोर्ट शामिल हैं। बताया गया कि हवाई अड्डे के उद्घाटन वाले दिन पहली फ्लाइट सिर्फ लखनऊ के लिए उड़ान भरेगी। मुरादाबाद से डीएचसी-6 सीरिज 400 विमान उड़ान भरेगा, जोकि 19 सीटर होगा। फ्लाई बिग कंपनी के अधिकारी आठ मार्च को ही हवाई अड्डे पर पहुंच जाएंगे। जबकि स्टाफ पहले ही तैनात कर दिया गया है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

### क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# रेलवे ने दी राहत: पैसेंजर ट्रेनों का किराया घटाया, अब लखीमपुर से लखनऊ जाने के लिए देने होंगे मात्र 30 रुपये

लोकसभा चुनाव से पहले रेलवे ने रेल यात्रियों को बड़ी राहत दी है। कोरोनाकाल में जिन पैसेंजर ट्रेनों को स्पेशल ट्रेन बनाकर 30 रुपये किराया बढ़ाया गया था, अब बढ़ा किराया घटा दिया गया है। अब लखीमपुर से लखनऊ के लिए मात्र 30 रुपये देने होंगे। कोरोना काल में लखीमपुर से लखनऊ तक का किराया 60 रुपये था। लोकसभा चुनाव से पहले रेलवे ने पैसेंजर ट्रेनों का किराया कम कर यात्रियों को बड़ी राहत दी है। रेलवे ने लखनऊ-मैलानी रूट पर लंबी दूरी की पैसेंजर ट्रेनों का आधा और कम दूरी की ट्रेनों का एक तिहाई किराया कम किया है। अब लखीमपुर से लखनऊ जाने के लिए मात्र 30 रुपये देने होंगे, जबकि अभी तक किराया 60 रुपये था। वहीं लखीमपुर से गोला का किराया मात्र 10 रुपये हो गया है। कोविड काल के दौरान ट्रेनों का संचालन ठप हो गया था। कोरोना से राहत मिलने के बाद जब ट्रेनों का संचालन शुरू किया तो पैसेंजर ट्रेनों के नंबर के आगे शून्य लगाकर इनको स्पेशल का दर्जा दिया था। इससे किराए में तीस रुपये बढ़ गए थे। तब से यह व्यवस्था लगातार चल रही थी, लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले इन ट्रेनों को फिर साधारण कर दिया गया है। अब यात्रियों से पैंसेजर का ही किराया लिया जाएगा। पहले देवकली, खीरी, ओयल, फरधान या आसपास जाने के लिए भी 30 रुपये किराया देना पड़ता था। अब महज दस रुपये में काम चल जाएगा। एनई रेलवे लखनऊ के सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक ( एसीएम ) सुरेश कुमार संख्वार ने बताया कि जीरो लगाकर चलाई जा रही विशेष सवारी गाड़ी पूर्व की भांति साधारण यात्री गाड़ी बनकर चलाई जाएगी।मैलानी-लखनऊ रूट पर हैं चार जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें ऐशबाग-शाहगढ़ रेलखंड पर चार जोड़ी विशेष सवारी गाड़ियों का संचालन होता है। यह सभी विशेष दर्जा वाली ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों से न्यूनतम किराया 30 रुपये वसूल किया जाता था। अब यात्री इन्हीं ट्रेनों में महज 10 रुपये देकर सफर कर सकेंगे।

# दर्दनाक: 4 साल की मासूम पर गिरा चार क्विंटल का गेट, दबकर मौत; भाईयों को खेलता देख हाथ में किताब लेकर दौड़ी थी

वाराणसी जिले में दिल दहलाने वाली घटना हुई है। सारनाथ थाना क्षेत्र के अटल नगर कॉलोनी में एक चार साल की बच्ची की लोहे का गेट गिरने से दबकर मौत हो गई। घर की लाडली की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। वाराणसी जिले के सारनाथ थाना क्षेत्र के अटल नगर कॉलोनी में खेलते समय चार क्विंटल का लोहे का गेट गिरने से चार साल की बच्ची की दबकर मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने शव को गंगा में प्रवाहित कर दिया। पुलिस ने छानबीन कर परिजनों से जानकारी ली।मिर्जापुर निवासी आशीष तिवारी गाजीपुर में हेड कांस्टेबल हैं। तीन दशक से आशीष सारनाथ थाना क्षेत्र के मवईया स्थित अटल नगर कॉलोनी में सपरिवार रहते हैं। आशीष के मकान के सामने राजेंद्र सिंह के मकान में दोपहर 12 बजे उनके तीन पोते खेल रहे थे। यह देख आशीष तिवारी का बेटा लक्ष्क्षु और बड़े भाई मनीष कुमार का पुत्र 6 वर्षीय लड्डू भी खेलने पहुंच गया। भाइयों को खेलता देख आशीष की चार साल की बेटी गुड्डन भी हाथ में किताब लेकर दौड़ते हुए राजेंद्र सिंह के गेट के पास पहुंची। इसी दौरान चार क्विंटल का स्लाइडर वाला लोहे का गेट तेज आवाज के साथ गुड्डन के ऊपर गिर गया। आसपास के लोगों ने किसी तरह उसे बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दो दिन की छुट्टी पर घर आए पिता आशीष तिवारी और मां प्रीति बेसुध हो गईं। थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने पीड़ित परिजनों से जानकारी ली। सबकी दुलारी थी गुड्डन- घटना के बाद प्रीति अपनी चार साल की बिटिया के शव से लिपट कर रो रही थी। कह रही थी कि अब किसे स्कूल छोड़ने जाएंगे। गुड्डन के दादा कैलाश नाथ तिवारी रिटायर्ड उप निरीक्षक हैं, उन्हें भी संभालना मुश्किल हो रहा था। वह यही कह रहे थे कि घर में सबसे छोटी और सबकी दुलारी थी। गेट बाउंड्री के अंदर गिरता तो पांच बच्चे भी होते जख्मी-लोगों ने कहा कि गनीमत रहा कि गेट बाहर की ओर गिरा। यदि चाहरदीवारी के अंदर गेट गिरता तो फिर पांच बच्चे भी उसमें दब जाते। गुड्डन जब घर से निकली तो उसके हाथ में किताबें थीं। गेट के साथ बच्ची दबी और पूरा किताब खून से लथपथ हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बेर खाने से बिगड़ी आधा दर्जन बच्चों की तबीयत, पेट दर्द और उल्टी से हुए परेशान; अस्पताल में कराया गया भर्ती

बेर खाने से आधा दर्जन बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। पेट दर्द और उल्टी से वह परेशान हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।उत्तर प्रदेश के मथुरा में बुधवार को बेर खाने से आधा दर्जन छात्र-छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई।



वह पेट दर्द और उल्टी से परेशान हो गए। उन्हें आनन फानन अस्पताल ले जाया गया। यहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उनका उपचार किया। मामला फरह थाना क्षेत्र के पं दीनदयाल धाम गांव का है। यहां एक स्कूल में लंच हुआ। छात्र-छात्राएं स्कूल के पीछे लगे बेर के पेड़ की तरफ पहुंच गए। उससे तोड़कर बेर खाए। कुछ देर बाद आधा दर्जन बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें पेट दर्द और उल्टी होने लगी। स्कूल प्रशासन उन्हें लेकर तुरंत फरह सीएचसी पहुंचा। जानकारी होने पर अभिभावक भी सीएचसी पहुंच गए। यहां बच्चों का इलाज किया गया। सीएचसी प्रभारी रामवीर सिंह ने बताया कि बेर खाने से बच्चों की तबीयत खराब हो गई है। सभी का इलाज किया जा रहा है।

### अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच

